दिल्ली तथा अन्य स्थानों में सुपरबाजार

*298. **श्री म० ला० द्विवेदी :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री भागवत झा आजाद :
श्री स० चं० सामन्त :
डा० म० मो० दास :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री वासुदेवन नायर :
श्री वारियर :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री ओंकारलाल बेरवा :
डा० श्रीनिवासन :
श्री मणियंगाडन :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री किशन पटनायक :
श्री मधु लिमये :

क्या **खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में तथा देश में अन्य किन किन स्थानों पर अब तक कुल कितने सुपर बाजार अथवा इसी तरह के बाजार खोले गये हैं ;

(ख) केन्द्रीय सरकार ने अब तक उन पर राज्यवार कुल कितनी राशि खर्च की है;

(ग) देश में कितने सुपर बाजार खोलने का विचार है ; और

(घ) भवनों तथा अन्य कामों के लिए ऋण के रूप में केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली में तथा अन्य स्थानों पर खोले गये इन बाजारों पर कुल कितनी राशि लगाई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) : (क) दिल्ली तथा भारत के दूसरे स्थानों में अब तक खोले गए बहु-विभागीय भण्डारों की संख्या और उनके नाम सभा पटल पर रखे गये विवरण (अनबन्ध 1) में दिए गए हैं [पुस्तकालय में रखा गया, देखिए संख्या LT-7319/66] ।

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा बहु-विभागीय भण्डारों को सहायता देने के लिए राज्यवार व्यय की गई कुल राशि विवरण के अनुबन्ध 2 में दी गई है ।

(ग) 1966-67 में देश के विभिन्न भागों में लगभग 60 बहु-विभागी भण्डार खोलने का विचार है ।

(घ) बहु-विभागी भण्डारों की इमारतों का निर्माण करने के लिए अब तक कोई ऋण नहीं दिया गया है । अन्य निवेशों तथा ऋणों का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

	लाख रु०
1. अंशदान	
(1) दिल्ली	18.00
(2) दूसरे क्षेत्र	67.00
2. फर्नीचर, फिक्चर्स तथा फिटिंग के लिए ऋण :	●
(1) दिल्ली	8.25
(2) अन्य क्षेत्र	27.27

Per acre yield of crops

*299. **Shri B. K. Das:**
Shri P. K. Chakraverti:

Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to state:

(a) whether there has been any improvement in per acre yield of different crops in the country during the last three years;

(b) the special steps taken for such improvement; and

(c) what is the programme for such improvement either generally or with reference to particular areas?